सरी श्रेणी के यात्रियों के लिए पीने के पानी की आपूर्ति

8071. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार लम्बी दूरी की रेल गाड़ियों में द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के लिए पीने के पानी की आपूर्ति करने हेतु कोई दीर्घकालीन योजना बनाने हेतु विचार कर रही है ;

(ख) गर्मी के मौसम में छोटे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पीने के पानी का समुचित प्रबंध करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं ; और

(ग) उनका तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) से (ग) लंबी दूरी की गाड़ियों में शयनयान संवारी डिब्बों में यात्रा कर रहे यात्रियों को पीने का पानी जैरीकेनों की व्यवस्था करके उपलब्ध कराया जाता है । इन जैरीकेनों को मार्ग में पुन: भर दिया जाता है।

स्टेशनों पर पीने के पानी की व्यवस्था को पिछले वर्षों में विभिन्न क्षमता वाले जलशीतकों, प्लेटफार्मों पर उपयुक्त अंतराल पर बहु टोंटी वाले नलों/ एकल टोंटी वाले नलों वाले पानी के स्टैंडों की भारी संख्या, पानी के प्याऊओं, पानी की ट्रालियों, आदि की व्यवस्था करके सशक्त बनाया गया है । छोटे स्टेशनों पर मटकों, नल-कूपों, कुओं, बाल्टियों, हैंड पम्प आदि से पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है । रख-रखाव और सप्लाई के लिए आवश्यक अपेक्षित संख्या में स्थाई पानी वाले भी उपलब्ध हैं ।

रेलों के प्रयासों को सम्पूरित करने के लिए सामाजिक स्वैच्छिक संगठनों की सेवाएं भी प्राप्त की जाती हैं । निजी पार्टियों से दान-स्वरूप जलशीतक भी स्वीकार किए जा रहे हैं ।

रेल यात्रियों के लिए अतिरिक्त और मूल सुविधाओं पर किया गया तुलनात्मक खर्च

8072. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेल यात्रियों के लिए उनकी बुनियादी सुविधाओं और अतिरिक्त सुविधाओं पर खर्च की गई धनराशि की तुलनात्मक प्रतिशतता क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि इस अवधि के दौरान यात्रियों के लिए मूल सुविधाओं पर खर्च की गई धनराशि की अपेक्षा अतिरिक्त सुविधाओं पर खर्च की गई धनराशि की प्रतिशतता बहुत अधिक है;

(ग) यदि हां, तो यात्रियों के लिए सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु धन खर्च करने के लिए क्या फार्मूला अपनाया गया है ;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में विषमता दूर करने के लिए किसी कृत्रिम बल को नियुक्त किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) ब्यौरा इस प्रकार है :—

वर्ष	खर्च (%)	
	मूल सुविधाएं	अतिरिक्त सुविधाएं
1992-93	38.6	61.4
1993-94	39.8	60.2
1994-95	42.8	57.2

(ख) और (ग) अब तक मूल सुविधाओं में निम्नलिखित सुविधाएं शामिल थीं :

नियमित/फ्लैग स्टेशनों पर : बुकिंग सुविधाएं, प्रतीक्षालय, बेंच, रोशनी की उपयुक्त व्यवस्था, पीने का पानी, प्लेटफार्म शौचालय और छायादार वृक्ष ।

हाल्ट स्टेशनों पर : बुकिंग एवं प्रतीक्ष शेड, पटरी स्तर का प्लेटफार्म, रोशनी की व्यवस्था (जहां रात्रि में गाड़ियां रुकती हैं) और छायादार वृक्ष ।

खर्च "मूल" तथा "अतिरिक्त" सुविधाओं पर वास्तविक आवश्यकता के अनुसार किया गया था, जो प्रत्येक स्टेशन पर सम्हाले जा रहे यात्री यातायात की मात्रा पर आधारित था । चूंकि "मूल सुविधाएं" कम लागत वाले कार्य थे, अतः इन कार्यों पर किया गया प्रतिशत खर्च "अतिरिक्त सुविधाएं" पर किए गए खर्च की तुलना में कम था ।

(घ) और (ङ) रेल संबंधी स्थाई समिति की सिफारिशों के अनुसरण में "मूल" और "अतिरिक्त" सुविधाओं की संकल्पना समाप्त कर दी गई है। अब से पहचाने गए मार्गों पर सुविधाओं की व्यवस्था पर अधिक बल देते हुए सुविधाओं की व्यवस्था योजनागत आधार पर की जाएगी ।

Introduction of a Superfast train from New Delhi to Hapa

8073. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA: Will the Minister of WAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to sanction a superfast train from New Delhi to Hapa (Jamnagar);

(b) if so, by when;

(c) if not, the reasons therefor and what are the criteria for running a superfast train; and

<d) whether there is a proposal to connect Dwarka directly with Ramfsh-warem. Haridwar and Shreenath Ji
isisthan), during the current year?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a)
No, Sir.

(b) Does not arise-

(c) Operational and resource constraints. Introduction of a superfast train between any two places depends upon traffic justification, operational feasibility and resource availability.

(d) There is no proposal at present-

दरभंगा और हसनपुर के बीच नई रेल-लाइन

8074. श्री अमन्तराम जायसवाल : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दरभंगा और हसनपुर के बीच रेल-लाइन बिछाने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त रेल-लाइन को कब तक बिछाए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ) : (क) से (ग) दरभंगा और हसनपुर रोड पहले से ही समस्तीपुर के रास्ते रेल लाइन से जुड़ा हुआ है ।

Introduction of Inter-City trains

8075. SHRI. K. M. KHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the names of inter-city trains introduced in 1995, till May, timing of their operation, names of stations connected, classes of accommodation provided on each train:

(b) whether Govemment propose *to* provide some more inter-city trains in the remaining part of 1995, to mark the year of Rail Users; and

(c) if so the details thereof loed if not the reasons thtrefor?

THE MINISTER RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) to (c) A statement is attached.